विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2024 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या–17 का उत्तरः–

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 17– (क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगें कि जनपद–लखनऊ में नकली दवाओं के क्रय–विक्रय के कितने मामले दिनांक 01 जनवरी, 2023 से 15 मार्च, 2024 तक प्रकाश मे आये है और उन पर क्या कार्यवाही की गयी है ? | दिनांक 01 जनवरी, 2023 से 15 मार्च, 2024 तक जनपद लखनऊ में नकली दवाओं के क्रय–विक्रय के कुल 13 नमूने जांच में नकली पाये गये, जिनमें से 06 प्रकरणों में विवेचना पूर्ण कर मा0 न्यायालय में परिवाद दाखिल किये जा चुके है एवं 06 प्रकरणों में विवेचना प्रक्रियान्तर्गत है तथा 01 प्रकरण में निर्माता कम्पनी द्वारा राजकीय विश्लेषक, राजकीय जनविश्लेषक, प्रयोगशाला, लखनऊ की जांच रिपोर्ट से असहमति व्यक्त किये जाने के दृष्टिगत उक्त नमूने को पुनः परीक्षण हेतु केन्द्रीय औषधि प्रयोगशाला, कोलकाता प्रेषित किया गया है। |
| (ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नही उठता। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्य मंत्री।